**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगो के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अब फार्मासियों को डिजिटल सिस्टम से जोड़ा जाएगा।
- एशिया के प्रतिष्ठित पर्यटन आयोजन SATTE में पर्यटन विभाग भी होगा शामिल।
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कल से विज्ञान सप्ताह का आयोजन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को द्वीप समूह में लागू करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देश पर अब सभी रिटेल फार्मेसी और केमिस्ट दुकानों को एबीडीएम–सक्षम फार्मेसी मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम से जोड़ा जाएगा। द्वीप समूह में ए बी डी एम मैनेजमेन्ट यूनिट ने स्थानीय रिटेल फार्मेसियों/केमिस्टों के लिए एक वर्चुअल डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया। इसके तहत नागरिकों को हेल्थ आईडी प्रदान की जाती है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से एक्सेस तथा अपनी सहमति के आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के साथ साझा कर सकता है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में तीन सेवा प्रदाताओं ने एबीडीएम–अनुपालन सॉफ्टवेयर समाधान प्रस्तुत किए। सत्र का मुख्य उद्देश्य फार्मेसियों में ABHA–आधारित पंजीकरण को बढ़ावा देना था। इसके अलावा जी बी पन्त अस्पताल के ओपीडी परिसर में ABHA/हेल्थ आईडी कार्ड के निर्माण के लिए एक विशेष डेस्क स्थापित किया गया है। यह डेस्क

सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 3 बजे से 4:30 बजे तक संचालित रहेगा। इसके अलावा नागरिक विभाग के आधिकारिक वेबसाइट abha.abdm.gov.in पर जाकर अथवा नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में संपर्क कर अपनी ABHA/हेल्थ आईडी बना सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक तथा एकीकृत जनजातीय विकास कार्यक्रम के सहयोग से निकोबार के स्मॉल लापाथी सामुदायिक सभागार में आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने और स्थानीय नारियल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की गई। यह पहल केवल एक दिवसीय प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि 15 माह के व्यापक परियोजना चक्र के अंतर्गत प्रत्येक बैच को निरंतर व्यावहारिक मार्गदर्शन एवं मेंटरिंग प्रदान की जाएगी, जिससे आदिवासी महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ किया जा सके। तीन माह के प्रशिक्षण एवं मेंटरिंग कार्यक्रम का उद्घाटन निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले ने किया। यह कार्यक्रम आदिवासी महिला उत्पादकों को आधुनिक उपकरणों एवं तकनीकों से लैस कर पारंपरिक वर्जिन कोकोनट ऑयल के घरेलू उत्पादन एवं गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस परियोजना में स्मॉल लापाथी एवं सवाई गांव की 30 स्वयं सहायता समूह ने भाग लिया।

<><><><><><><>

जॉइंट एक्शन फोरम के एक प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास बंधु अठावले से मुलाकात कर द्वीप समूह में छात्राओं की उच्च शिक्षा को लेकर चल रही चिंताओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने किसी भी बदलाव से पहले व्यापक परामर्श की मांग की है ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से दक्षिण एशिया के प्रतिष्ठित पर्यटन आयोजन SATTE 2026 में भाग लेने की तैयारी की जा रही है। यह आयोजन 25 से 27 फरवरी तक Yashobhoomi, नई दिल्ली में आयोजित होगा। SATTE एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां अंडमान निकोबार द्वीप समूह की पर्यटन संभावनाओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इस संदर्भ में निदेशालय द्वारा द्वीप समूह के पंजीकृत टूर ऑपरेटर्स/ट्रैवल एजेंट्स एवं अन्य हितधारकों से आवेदन मांगे गए है। इच्छुक

प्रतिभागियों को 23 फरवरी, दिन में साढ़े ग्यारह बजे तक निदेशालय, आईपी एंड टी में अपना आवेदन जमा करना होगा।

<><><><><><><>

सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में, हर साल अट्ठाईस फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विज्ञान केंद्र, की ओर से स्कूली छात्रों के लिए कल से अट्ठाईस फरवरी तक 'विज्ञान सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे। इस सिलसिले में 25 फरवरी को सुबह 9 बजे से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भवन, डॉलीगंज में "सतत भविष्य के लिए विज्ञान" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए छात्र पी. सेंथिल कुमार के पास या सीधे निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर पहुँच कर पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

मायाबंदर स्थित डॉ आर पी अस्पताल में हाल ही में बोरोंग गांव में एक आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ (एनेस्थेटिस्ट) डॉ. अर्नोल्ड आशु, मेडिकल ऑफिसर (डेंटल) डॉ. शालिनी जीवन तथा पैरामेडिकल स्टाफ शामिल थे। शिविर के दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप मापन, ब्लड शुगर परीक्षण, सामान्य शारीरिक परीक्षण, सामान्य एवं दंत जांच के साथ मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही पोषण संबंधी परामर्श दिया गया। इस अवसर पर सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु योग सत्र का भी प्रदर्शन किया गया। मरीजों में निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद द्वारा जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। परिषद ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी भी क्षेत्र में जल आपूर्ति से संबंधित समस्या उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना तुरंत परिषद को दें। जल आपूर्ति से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए आम जनता फोन संख्या 03192—231179 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि किसी क्षेत्र में पाइपलाइन से पानी का रिसाव दिखाई देता है तो उसकी सूचना भी तुरंत देने का आग्रह किया गया है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर एवं जिला स्वास्थ्य सोसायटी मध्योत्तर अंडमान के समन्वय से स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र कालीघाट के अंतर्गत नारायण टिकरी में एक सफल आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डॉ. शिप्रा मिश्रा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा कुष्ठ रोग पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। साथ ही तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर भी जागरूकता प्रदान की गई। शिविर में गैर–संचारी रोग स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन जांच तथा नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। लाभार्थियों को आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक दोनों प्रकार की परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया।

<><><><><><><>

Andaman and Nicobar Police की ओर से पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में छोटे हथियरों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। ये अभ्यास 24, 26, 28 फरवरी तथा 3 एवं 7 मार्च को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों को स्वयं तथा अपने पालतू पशुओं को फायरिंग रेंज क्षेत्र से दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>